>

Title: Need to provide adequate resources required for construction and repair of roads by P.W.D. and B.R.O. in Uttarakhand.

**श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल):** मैं सरकार का ध्यान आपदाग्रस्त उत्तराखण्ड राज्य में बी.आर.ओ. और लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। प्राकृतिक आपदा के कारण राज्य में सड़कें बह गई हैं और बी.आर.ओ. उनका निर्माण कर रहा है परंतु बी.आर.ओ. का कार्य संतोषजनक नहीं है। वह कछुए की रफ्तार से निर्माण कार्य कर रहा है। दूसरी ओर अभी कुछ दिन पहले ही समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है कि चीन माणा बार्डर पर सड़क निर्माण कार्य कर रहा है, ऐसे में बी.आर.ओ. द्वारा सड़क निर्माण कार्य में सुस्ती चिंता का विषय है। इसी प्रकार पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्यों की गति भी अत्यंत धीमी है। वैसे भी आपदा के इस समय में स्थानीय निवासियों का जनजीवन सामान्य करने एवं किसी भी आपात समय में सेना को रसद पहुँचाने के लिए सड़क निर्माण शीघ्रता से आवश्यक है। इसी प्रकार आपदा में कार्य कर रहे कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में कुछ दिया जाना चाहिए जिससे उनके मनोबल में वृद्धि हो। मेरा यह भी अनुरोध है कि आपदा के कारण जो खच्चर मार्ग बह गए हैं उन्हें पुनः शीघ्रता से बनवाया जाए जिससे सुदूरवर्ती गांवों में खाद्यान्न पहुँचाया जा सके।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह पी.डब्ल्यू.डी. एवं सीमा सड़क संगठन को समुचित संसाधन उपलब्ध करवा निर्देशित करे कि वह सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाकर उनका शीघ्रता से निर्माण संपन्न करे।